**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 13 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

आज विश्व रेडियो दिवस मनाया जा रहा है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए हर साल 13 फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। यह रेडियो की विशिष्ट उपयोगिता को याद करने का भी दिन है जो दुनिया के हर हिस्से में लोगों तक पहुंचता है और उन्हें एकजुट करता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय "रेडियो और जलवायु परिवर्तन" रखा गया है। विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि

समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।आज विश्व रेडियो दिवस की हमारे सभी श्रोताओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। संवाद के लिए और सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में रेडियो की एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और रेडियो एक बहुत सशक्त माध्यम है पूरे जन-जागरण तक पहुंचने का। बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए, दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क-ऑल इंडिया रेडियो, आकाशवाणी जन-जन तक मनोरंजन, शिक्षा और सूचना, उसका प्रसार करता है, प्रचार करता है।वहीं, श्रोताओं का अभिवादन करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी जहां भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का वाहक रहा है, वहीं इसने भारत में वैज्ञानिक प्रगति की यात्रा से भी लोगों को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन का शायद ही कोई ऐसा पहलू हो जो आकाशवाणी से अछूता रह गया हो।

***************************************************************************

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने "हरियाणा सुपर-100" के परिणाम घोषित कर दिए हैं।विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि भिवानी के आदित्य ने 99.91 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह जींद के रविंद्र ने 99.87 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और भिवानी की मुस्कान ने 99.84 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा में 10 परीक्षार्थियों ने 99 प्रतिशत, 26 परीक्षार्थियों ने 97 प्रतिशत, 52 परीक्षार्थियों ने 95 प्रतिशत और 97 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।उल्लेखनीय है कि "हरियाणा

सुपर-100" योजना के तहत सरकारी स्कूलों के प्रतिभाशाली छात्रों को नीट और जेईई परीक्षा की निशुल्क तैयारी कराई जाती है।

*********************************************************************

जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने कल छात्रों से असफलता की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया। फिल्म अभिनेत्री "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम के दूसरे भाग के दौरान छात्रों के साथ बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि छात्रों को दृढ़ता के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए और अगर कोई गलती हो जाए तो घबराना नहीं चाहिए।

उन्होंने कहा कि तनाव महसूस करना स्वाभाविक है और यह महत्वपूर्ण है कि छात्रों को सीखना चाहिए कि इसे कैसे संभाला जाए।सुश्री पादुकोण ने अभिभावकों से परीक्षा के दौरान अपने बच्चों पर अत्यधिक दबाव न डालने का आग्रह भी किया।

*********************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपनी धर्मपत्नी के साथ कल माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान किया। राज्यपाल ने कहा कि आस्था और अध्यात्म का यह महापर्व. दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन है।उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज आज सनातन संस्कृति की अलौकिक आभा से सुशोभित है। प्राचीन समय से चली आ रही भारत की यह परंपरा आज के आधुनिक युग में भी अक्षुण है और अपनी पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ विश्व को भारत की संस्कृति से परिचित करा रही है।